# रणजीत टाइम्स

इंदौर
शनिवार, 19 जुलाई, 2025
वर्ष 01 | अंक 180 | कुल पृष्ठ : 8 | Digital
RNI-NO.MPHIN/2015/64585

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे


# बोल बम लहरी...

हर हर महादेव

## कांवड़ यात्रा

बाणेश्वरी

# शिवमय हुआ इंदौर










आदित्य शर्मा » रणजीत टाइम्स

सह. संपादक


# बाणेश्वरी कांवड़ यात्रा का इतिहास

पौराणिक कथाओं और मान्यताओं पर आधारित है। माना जाता है कि इसकी शुरुआत भगवान शिव के भक्त परशुराम ने की थी, जिन्होंने गढ़मुक्तेश्वर से गंगाजल लाकर पुरा महादेव मंदिर में जलाभिषेक किया था। कुछ अन्य मान्यताओं के अनुसार, रावण भी एक कांवड़िया था, जिसने कैलाश पर्वत को उठाने की कोशिश के बाद भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए गंगाजल से उनका अभिषेक किया था।

## संक्षेप में, कांवड़ यात्रा का इतिहास

### पौराणिक कथा

समुद्र मंथन के दौरान निकले विष को भगवान शिव ने ग्रहण किया था, जिससे उनका कंठ नीला पड़ गया था। विष के प्रभाव को कम करने के लिए देवताओं ने गंगाजल से उनका अभिषेक किया था।

»» **परशुरामः** एक मान्यता के अनुसार, भगवान परशुराम ने गढ़मुक्तेश्वर से गंगाजल लाकर पुरा महादेव मंदिर में जलाभिषेक किया था, जिससे कांवड़ यात्रा की शुरुआत हुई।

»» **रावणः** एक अन्य कथा के अनुसार, रावण ने कैलाश पर्वत को उठाने की कोशिश के बाद भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए कांवड़ में गंगाजल भरकर उनका अभिषेक किया था।

»» **श्रवण कुमारः** कुछ लोगों का मानना है कि श्रवण कुमार ने भी अपने माता-पिता को तीर्थ यात्रा पर ले जाते समय गंगाजल लाकर शिव का अभिषेक किया था।

सनातनी विधायक गोलू शुक्ला के नेतृत्व में विगत 23 वर्षों से निकाली जा रही भव्य बानेश्वरी कावड़ यात्रा जिसमे पाच हज़ार भक्तों द्वारा महेश्वर से माँ नर्मदा का जल भर कर बाबा महाकाल को अर्पित किया जाता है...



## कांवड़ यात्रा का महत्व

कांवड़ यात्रा भगवान शिव के प्रति अटूट श्रद्धा और भक्ति का प्रतीक है। यह यात्रा शारीरिक और मानसिक रूप से कठिन होती है, लेकिन भक्त इसे भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए एक तपस्या के रूप में करते हैं।

## >> आजकल की कांवड़ यात्रा

आजकल, कांवड़ यात्रा एक विशाल धार्मिक आयोजन बन गई है, जिसमें लाखों भक्त "हर हर महादेव" और "बोल बम" का जयकारा लगाते हुए गंगाजल लेकर शिव मंदिरों तक जाते हैं। यात्रा मार्ग में प्रशासन द्वारा सुरक्षा और सुविधाओं का भी ध्यान रखा जाता है।

# परमात्मा की करुणा व प्रेम का अनुभव ही सहजयोग का लक्ष्य है



प्राचीन युग में जब लोग अपनी चेतना में ऊँचा उठना चाहते थे तो वे अत्यन्त सम्मानजनक और अच्छे होते थे। तब सभी कुछ ठीक था। संतों, पैगम्बरों और अवतरणों द्वारा कही गई सभी बातों को वे मानते थे तथा उन्हें करने का प्रयत्न किया करते थे। भारत में सोलहवीं शताब्दि में बहुत से महान सन्त हुए जो कवि थे। बारहवीं शताब्दि में भी हमारे यहाँ बहुत से महान आध्यात्मिक लेखक हुए। इन सभी संतों का मुख्य विषय यह था कि उत्थान के लिए हमें अवश्य अपना शुद्धिकरण करना चाहिए। हमें स्वयं को पवित्र करना चाहिए तो महानतम उपलब्धि जो हमें प्राप्त करनी है वह है हमारा पुनर्जन्म, हमारा आत्मसाक्षात्कार, हमारा मोक्ष। मानव जीवन का यही स्वीकृत लक्ष्य था।

लोग ये नहीं समझते कि ये बात क्यों कही गई थी और ये कार्य क्यों किया जाना चाहिए। मनुष्य को चाहिए कि सर्वशक्तिमान परमात्मा को समझे तथा उसकी करुणा, उसकी महानता और उसकी दिव्यता का अच्छा प्रतिविम्ब बनने का प्रयत्न करे। परमात्मा से योग प्राप्त किए बिना कही गई प्रार्थना बिना जुड़े टेलीफोन जैसी होती है। प्रार्थना आत्मसाक्षात्कारी व्यक्ति द्वारा कुण्डलिनी जागृति करके, अपने चक्रों को शुद्ध करने का एक मार्ग है। आधुनिक समय में भिन्न प्रकार के मनुष्यों ने पृथ्वी पर जन्म लिया है। बिना धर्म के मूलतत्वों को समझे, आँखें बन्द करके धर्मादेशों को मानने वाले लोग धर्मान्ध कहलाते हैं। उन्हें स्वयं को समझना होगा कि वे क्या हैं और धर्म के माध्यम से उन्हें क्या बनना है? उन्हें ये देखना होगा कि अब तक उन्होंने कैसा समाज प्राप्त किया है। किसी चीज़ का अन्धाधुन्ध अनुसरण करने का प्रयत्न यदि वे करते हैं तो वे अपने लिए भी समस्या हैं और पूरे विश्व के लिए भी उन्होंने सभी अवतरणों तथा सभी महान धर्मों को लज्जित किया है। उदाहरण के रूप में चित्त पर यदि आपने नियन्त्रण प्राप्त करना है, अपने मस्तिष्क को यदि आपने समझना है, अपने अन्दर यदि आपको चिन्तन करना है तो अहंविहीन व्यक्तित्व को माध्यम के रूप में उपयोग करना होगा। अहंविहीन व्यक्तित्व ही व्यक्ति को स्वयं को नियन्त्रित करने एवं शुद्ध करने की शक्ति दे सकता है। मानव के लिए मर्यादाओं के रूप में धर्म के दस तत्व हैं जो दस धर्मादेशों की तरह से हैं। इन धर्मादेशों का जब पतन हो जाता है तो मानव अत्यन्त भ्रमित या आक्रमक हो उठता है। सहजयोग द्वारा परमेश्वरी प्रेम का शाश्वतधर्म अन्तस में आलोकित हो उठता है और साधक स्वतः सच्चे शब्दों में धार्मिक, धर्मपरायण, नैतिक, शान्त, करुणामय और सशक्त ज्योतिर्मय व्यक्ति बन जाता है। ( श्री माताजी, 'परा आधुनिक युग' से साभार ) सहजयोग का अनुभव प्राप्त करने हेतु आप टोल फ्री नं – 1800 2700 800 से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। सहजयोग पूर्णतया निःशुल्क है।

## सनातन धर्म को जागृत करने के लिए बेमिसाल ऐतिहासिक आदि गुरु शंकराचार्य वेब सीरीज एंड फिल्म का निर्माण



सनातन धर्म को जागृत करने के लिए एक बेमिसाल ऐतिहासिक आदि गुरु शंकराचार्य वेब सीरीज एंड फिल्म का निर्माण किया जा रहा है समस्त सनातनी भाइयों से मेरा अनुरोध है 72 से अधिक संप्रदाय इस सनातन धर्म को तोड़ने में इसको लेकर एक बालक शंकराचार्य जो सनातनी लोगों को इस भावना से जोड़ने में लगा है जी हां आज के युग में जहां लव जिहाद पढ़ रहे हैं इसी सब चीजों से हिंदू डरा हुआ है जिसको लेकर हमारा लक्ष्य की सनातन समाज फिर से अपने इस रूप में आएगी देखने वालों के होश उड़ जाए और इन नापाक का राजस्थानी को बंद कर दे इस फिल्म को और वेब सीरीज को जरूर देखें धर्म की जय हो अधर्म का नाश हो प्राणियों में सद्भावना और विश्व का कल्याण हो इसी उद्देश्य से इस फिल्म का निर्माण किया जा रहा है जय सियाराम।

## शिवपुरी पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ ने अपना घर आश्रम पहुंचकर मनाया जन्मदिन



ऋषि गोस्वामी

शिवपुरी। जिले में स्थित अपना घर आश्रम में पहुंचकर शिवपुरी जिले के पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ ने अपना जन्म दिवस मनाया। पुलिस अधीक्षक ने अपना घर आश्रम पहुंचकर पौधा रोपण किया एवं आश्रम में निवास कर रहे निशक्तजनों के साथ भोजन व्यवस्था में हाथ बटाने के साथ ही संगीतमय सुन्दरकाण्ड का आनंद भी लिया। वहीं सी न्यूज से खास चर्चा के दौरान पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ ने अपना घर परिवार में निशक्तजनो की सेवा करने वाले समाजसेवकों की प्रशंसा करते हुए उनके इस नेक कार्य को सराहा।

# महेश्वर से उज्जैन तक कावड़ यात्रा में संस्था सर्वधर्म संघ ने किया कावड़ियों का स्वागत, विधायक गोलू शुक्ला को भेंट किया महाकाल का फोटो फ्रेम





रणजीत टाइम्स

इंदौर। माँ अहिल्या की नगरी में इस वर्ष की कावड़ यात्रा एक विशेष सामाजिक सौहार्द का प्रतीक बनकर सामने आई। वर्षों से बाणेश्वरी संस्था द्वारा निकाली जा रही यह पवित्र यात्रा महेश्वर से आरंभ होकर उज्जैन स्थित भगवान महाकालेश्वर तक जाती है। इस बार संस्था सर्वधर्म संघ द्वारा कावड़ियों का भव्य स्वागत किया गया। विशेष बात यह रही कि संस्था की ओर से क्षेत्र क्रमांक 3 के विधायक गोलू शुक्ला को महाकाल का सुंदर फोटो फ्रेम भेंट कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें कावड़ यात्रा के माध्यम से धार्मिक एकता एवं सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के लिए प्रदान किया गया। स्वागत कार्यक्रम प्रिंस यशवंत रोड पर आयोजित किया गया, जहाँ विभिन्न धर्मो के नागरिकों एवं व्यापारियों ने मिलकर पुष्प वर्षा कर और मालाएँ पहनाकर कावड़ियों का जोरदार स्वागत किया। यह दृश्य अद्भुत सामाजिक एकता का परिचायक बना। कार्यक्रम के अंत में संस्था अध्यक्ष मंजूर बैग ने कहा, "हमारा उद्देश्य सभी धर्मों को साथ लेकर चलना है और इस पवित्र कावड़ यात्रा के माध्यम से सामाजिक सौहार्द का संदेश देना है। इस मौके पर संस्था सर्वधर्म संघ के अध्यक्ष मंजूर बैग, रियाज खान, सूफी संत माहिर शाह वारसी, फहीम खान, रवीश पचोरिया, विनोद फुलवादिया, वसीम खान, फैजान बैग, एडवोकेट समीर बैग, मक्कू पहलवान, सोहेल पठान, गोलू शेख, हाजी रिजवान नवीन भीलवाड़े सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

मंजूर बैग

# इंदौर न्यू आरटीओ रोड बुरे हाल सालों हो गए

नलिन दीक्षित

इंदौर

इंदौर की राऊ विधानसभा में आने वाली न्यू आरटीओ रोड अपने हाल को सालों से रो रही है। यहां कई पाश कॉलोनी विकसित हो चुकी है।

इनके प्लॉट और फ्लैटों की कीमत लाखों में है। मगर यहां की आम जनता बुरे हाल में है और जिम्मेदारो के मुंह ताक रही है। हर साल बारिश के मौसम में ये रोड गड्ढों में रोड बन जाती है। और हजारों दुर्घटनाएं यहां अब तक हो चुकी है पर यहां के विधायक और पार्षद सब कुंभकरण की नींद सो रहे है। इनका मुंह केवल चुनाव के समय वोट मांगने पर ही देखने को मिलता है।







## जनता हर साल इनके दरबार में हाथ जोड़कर गिड़गिड़ाती है

वहां इन्हीं मिलता है खोखला आश्वासन झूठे वादे और तारीख पर तारीख करते है हो जाएगा बहुत जल्द करवा देंगे। दस बारह साल हो गए इस वादे को किए पर आज तक ये लोग जगे नहीं जिन्हें रोड बनाना है। ये मत सोचना जनप्रतिनिधियों की यहां कम वोटर है। ये सोचो कि क्या मुंह लेकर जाओगे वोट मांगने ऐसा न हो अगले चुनाव में यही वोटर जीत ओर हार तय का दे।




**दिनांक 18/ 7 /2025 को थाना सराफा पुलिस द्वारा "नशे से दूरी है जरूरी" अभियान के अंतर्गत लेकर नशे से दूर रहने व नशा नहीं करने , नशे से होने वाले मानसिक शारीरिक व आर्थिक दुष्परिणाम के संबंध में जानकारी देकर हॉटस्पॉट राजवाड़ा पर जागरूक अभियान चलाया गया तथा नशा मुक्ति पुनर्वास केंद्र के संबंध में जानकारी व नंबर दिए गए तथा नशा मुक्त के संबंध में शपथ दिलाई गयी।**

# जरा सोचिए... इस अवार्ड से इंदौर की जनता को क्या मिला....?

रणजीत टाइम्स

## इंदौर आठवीं बार स्वच्छता में सबसे ऊपर आया है ....

इस अवार्ड की असली हकदार इंदौर की जनता है। इस जनता के सहयोग और परिश्रम से ही इंदौर को लगातार गौरव मिल रहा है। शहर की वर्तमान में जो परिस्थिति हैं, उसमें सोचिए इस अवार्ड के हकदार इंदौर के नागरिक है परंतु श्रेय नेता नगरी को मिल रहा है। हमे याने आम नागरिकों को मिल रहा है -

1. भारी भरकम प्रॉपर्टी टैक्स, कचरा tax (कचरा tax property tax में भी जुड़ा रहता है और अलग से भी लेते है )

2. बिना मेंटनेंस के उद्यान , हर बगीचे में हरियाली को रौंदकर एक भवन निर्माण किया जा रहा है।

3. अनियंत्रित होती खूंखार कुत्तों की समस्या छोटे बच्चे,स्कूल कॉलेज के विद्यार्थी, महिलाए और सीनियर सिटीजन आजकल कुत्तों के डर से वॉकिंग बंद कर दी हैं, स्कूल जाने में भी खतरा बरकरार रहता है ।

4. नेताओं के जन्मदिन और धार्मिक त्योहारों पर पोस्टरों की भरमार ।इन्हें जन्मदिन या त्योहार से फुर्सत मिले तो हमारी समस्याएं के लिए भी यह जन प्रतिनिधि ध्यान दे पाएंगे।

5. अनियंत्रित ट्रैफिक जाम जिसके कारण जिंदगी आजकल चलने और दौड़ने के बजाय रेंगने लगी है

6. E रिक्शा ,नगर सेवा और उपनगरीय बस सेवा जिनको कोई भी रूल, रेगुलेशन और अनुशासन की परवाह नहीं और इनका पालन करवाने वाले रिश्वत लेकर इनकी गलती नजर अंदाज कर देते है

### विचारणीय प्रश्न

इस अवार्ड से आम जनता को क्या खुशी मिली है ? जनता की मेहनत, जनता का त्याग और जनता का सहयोग... इससे मिले अवार्ड को लेने जाने वाले बताएं कि इंदौर की जनता को इस अवार्ड से क्या मिला...?

चिंटू चौकसे नेता प्रतिपक्ष



## नव संकल्प प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत इंदौर से प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता राजेश चौकसे,हर्ष जैन ओर भोपाल से आनंद जाट को मीडिया समन्वयक नियुक्त किया..

रणजीत टाइम्स

भोपाल। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार,मिडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक एवं मिडिया एवं कम्युनिकेशन प्रभारी अभय तिवारी द्वारा मांडव में आयोजित "नव संकल्प" विधायको के प्रशिक्षण शिविर कार्यक्रम के तहत इंदौर से प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता राजेश चौकसे,हर्ष जैन ओर भोपाल से आनंद जाट को मीडिया समन्वयक नियुक्त किया गया है। दिनांक 21 से 22 जुलाई तक मांडव स्थित जे एम डी रिसोर्ट में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार द्वारा कांग्रेस विधायक दल का आयोजित होने वाले 'नव-संकल्प शिविर' का उद्देश्य कांग्रेस की नई सोच–नई रणनीति, मिशन 2028 और राज्य की जनता से जुड़े मुद्दों को लेकर एवं सोशल मीडिया, संगठनात्मक भूमिका, और संचार कौशल जैसे विषयों पर प्रशिक्षित करना है जिसको लेकर कांग्रेस पार्टी की ओर से माननीय विधायकों का 'नव संकल्प शिविर' आयोजित किया जा रहा है। नव संकल्प प्रशिक्षण शिविर मे लोकसभा नेता प्रतिपक्ष श्री राहुल गांधी (वर्चुअल रूप से),श्री मल्लिकार्जुन खड़गे और श्री केसी वेणुगोपाल, प्रदेश प्रभारी श्री हरीश चौधरी,सोशल मीडिया विभाग की सुप्रिया श्रीनेत जी, कांग्रेस के कोषाध्यक्ष अजय माकन जी जैसे प्रमुख नेताओं की भागीदारी होगी एवं इनके साथ ही अन्य कई वरिष्ठ कांग्रेस नेता शिविर में शामिल होंगे। उक्त आयोजन मे मीडिया समन्वयक के रूप में राजेश चौकसे,हर्ष जैन ओर आनंद जाट कार्यक्रम की व्यापक कवरेज सुनिश्चित करेंगे और मीडिया के साथ समन्वय स्थापित कर कांग्रेस की विचारधारा, इतिहास, और रणनीति से संबंधित प्रमुख संदेशों को प्रभावी ढंग से प्रचारित करने के लिए उक्त नियुक्ति मिडिया विभाग द्वारा की गई।



## ईमानदारी की मिसाल पेश की जयपुर निवासी ने बड़नगर की सड़क पर जेब से गिरे पचास हजार रुपए लौटाए

रणजीत टाइम्स

बड़नगर । कहा जाता है नेकी ईमानदारी अब खत्म सी हो गई है, लेकिन ईमानदारी आज भी जिंदा है, जिसका उदाहरण बड़नगर मध्य प्रदेश में देखने को मिला। क्या है पुरा वाकया मंगलवार को ग्राम भोमवास निवासी साहिल के -50000 बैंक में जमा करने आया था।उसकी पिछे की जेम से दिगंबर जैन मंदिर महाराणा प्रताप चौक एवं एचडीएफसी बैंक के बीच गिर गए इस बीच जयपुर से आई श्रीमती मधु पंकज जैन को मन्दिर से दर्शन कर के निकली उनके पैर मिले कुछ अटका तो उन्होंने देखा की रुपए गिरे हुए हे उन्होंने उठा कर अपने साथ लेकर आ आई फिर उन्होंने रजत टोंग्या को राशि मिलने की जानकारी दी। वे बड़नगर में चातुर्मास रत आर्यिका 105 विशाश्री माताजी के दर्शन हेतु आए हुए थे। जानकारी देते हुए श्री मनीष टोंग्या ने बताया कि तभी साहिल एचडीएफसी बैंक एवं मंदिर के बीच रूपयो की तलाश कर रहा था। वह काफी उदास था। तब कमेटी के सदस्यों ने CCTV को चेक कर पता किया कि यह रुपए साहिल के हीं हैं तो उन्हें स्वाध्याय भवन में बुलाकर चातुर्मास समिति के प्रमुख श्रीमान अजीत टोंग्या, नगर पालिका अध्यक्ष अभय टोंग्या एवं श्रीमती मधु पंकज जैन जयपुर निवासी दंपति ने -पचास हजार वापस कर ईमानदारी और नेकी का परिचय दिया। निश्चित रूप से ऐसे कार्य नेकी और ईमानदारी की जीती जागति मिसाल है यह आज के वर्तमान परिप्रेक्ष्य मे सभी के लिए एक प्रेरणा है। इसके बाद साहिल ने एक कदम आगे बढ़ते हुए अपनी ओर से दिगंबर जैन मंदिर के लिए 5000 की राशि दान स्वरूप प्रदान की साहिल ने जयपुर से पधारे दंपतियों का आभार माना। निश्चित रूप से ऐसे दंपति की जितनी सराहना की जाए उतनी कम है। यह जानकारी मनीष टोंग्या ने दी।

## नशा मुक्ति के लिए डीपीएस के बच्चों को दिलाई शपथ...

### अभियानः नशा नाश की निशानी हैं, यह आदत छोड़नी है

रणजीत टाइम्स

बड़ावदा। मध्य प्रदेश सरकार के द्वारा चलाए जा रहे 'नशा मुक्ति अभियान' के तहत मध्यप्रदेश पुलिस प्रशासन द्वारा अपने-अपने क्षेत्र के नागरिकों और युवाओं में जन जागरूकता लाने के उद्देश्य से कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जो कि पूरे मध्यप्रदेश में 15 जुलाई से 30 जुलाई तक चलाया जाएगा, जिसका उद्देश्य युवाओं को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों एवं दुष्परिणामों के बारे में जानकारी देना तथा खुशहाल परिवार की नीव रखना है। इसी तारतम्य में 18 जुलाई को नगर में स्थित डेस्टिनेशन पब्लिक स्कूल बड़ावदा के स्थानीय थाना प्रभारी पृथ्वीसिंह खलाटे (निरीक्षक), जगदीशचंद्र कुमावत (उप-निरीक्षक), मोहनलाल जी बड़ोदिया (उप-निरीक्षक), गोपाल सिंह सोनगरा (आरक्षक) ने मार्गदर्शन दिया। ' नशा नाश की निशानी है। ' विद्यालय के कक्षा 9वीं एवं 10वीं के बच्चों को नशे से होने वाले दुष्परिणामों की जानकारी दी व नशे से दूर रहने और लोगों को जागरूक करने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर विद्यालय की संचालिका श्रीमती सुशीला रावल, प्राचार्य नरेंद्र कुमार त्रिवेदी, शिक्षक सुरपाल सिंह सिसोदिया, राकेश गरगामा, रंजीत परमार, अंकित परमार, विनोद पौराणिक, मुकेश परमार , जीवन सेन, अन्नु परमार, मीनाक्षी बैरागी, मंजू कुमावत, पायल पांचाल, कु मीनाक्षी मदारिया, कु मुस्कान मेव, पूजा कुमावत, पूजा मालीवाड़, सीमा पांचाल, शानू यादव, उमा पांचाल, पूनम प्रजापत, कु चंचल कुंवर, कु आंचल राठौर, कु चंचल कुमार वर्षो भारती व सभी बच्चें उपस्थित थे।



# विधानसभा निर्वाचन झाबुआ अन्तर्गत निर्वाचन प्रशिक्षण संबंधी कार्य को सुचारू एवं सुव्यवस्थित रूप से संपादित करने हेतु बीएलओ की चार दिवसीय ट्रेनिंग सम्पन्न

रणजीत टाइम्स

झाबुआ। भारत निर्वाचन आयोग निर्देशानुसार 17 जून 2025 द्वारा निर्वाचक नामावली को त्रुटि रहित बनाने के निर्देशों के अन्तर्गत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा मीना के निर्देश के पालन में बीएलओ के क्षमता विकास हेतु सभी बूथ लेवल ऑफिसर्स को प्रशिक्षित किए जाने के संबंध में बीएलओ को विधिक प्रावधानों, निर्वाचक नामावली तैयार करने संबंधी प्रक्रिया, घर-घर जाकर सर्वे कर निर्वाचक मतदाता की जानकारी का सत्यापन करना, मृत/स्थानान्तरित/दोहरी प्रवृष्टि की जानकारी तथा राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि बूथ लेवल एजेन्ट से समन्वय, फॉर्म, 6, 7, 8, बीएलओ एप्प आदि के संबंध में बारिकियों





से भलि भांति अवगत करवाने के लिए विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्र. 193 झाबुआ अन्तर्गत निर्वाचन प्रशिक्षण संबंधी कार्य को सुचारू एवं सुव्यवस्थित रूप से संपादित करने हेतु समस्त प्रशिक्षण कार्यो का नोडल अधिकारी तहसीलदार एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी श्री सुनिल कुमार डावर तहसील झाबुआ एवं मास्टर ट्रेनर

श्री अजय कुशवाह, श्री हरीश कुण्डल, मुकेश सूर्यवंशी सहायक क्र. प्राध्यापक द्वारा प्रतिदिन मतदान केन्द्र क्रमांक 1 से 193 तक के बीएलओ को प्रशिक्षण दिया गया है। यह ट्रेनिंग 4 दिवस तक ली गई प्रतिदिन 50 बीएलओ को ट्रेनिंग दी गई यह 14 जुलाई 2025 से 17 जुलाई 2025 तक कुल 192 मतदान केन्द्र झाबुआ तहसील के अन्तर्गत आने वाले बीएलओ की ट्रेनिंग झाबुआ तहसील कार्यालय बैठक हॉल में प्रशिक्षण दिया गया है।

विधानसभा 193- झाबुआ में कुल 356 मतदान केन्द्र है 356 में से मतदान केन्द्र 164 की ट्रेनिंग राणापुर में भी दी गई है। नोडल अधिकारी तहसीलदार एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी श्री हुकुमसिंह निंगवाल तहसील राणापुर एवं मास्टर ट्रेनर श्री मनीष पंवार प्राचार्य बन, श्री दिपक रावल सहा. प्रध्यापक शा. आदर्श महाविधालय झाबुआ द्वारा आज मतदान केन्द्र क्रमांक 180, 194 से 356 तक के बीएलओ को प्रशिक्षण दिया गया है। तहसील कार्यालय झाबुआ में प्रशिक्षण का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी राजस्व झाबुआ श्री भास्कर गाचले द्वारा किया गया तथा उचित मार्ग दर्शन दिया गया है।

## सुविधाओं के नाम पर बंदरबाट

एक ओर सरकार गरीब बच्चियों ओर बहनों की उन्नति के लिए चलाई गई योजनाओं का आए दिन हर आयोजन ओर हर मंच से बखान करती हे और खुद को सबसे बड़ा हितैषी साबित करने में कोई कसर नहीं छोड़ती लेकिन इस बयानबाजी में ओर जमीनी हकीकत में कोसों का फासला हे कागजों पर ही सुनहरे भविष्य की लुभावनी तस्वीरें उकेरी जा रही हे और आमजनता को नीरा मूर्ख ही बनाया जा रहा हे। जिसकी बानगी खरगोन जिले में आए दिन छात्र ओर छात्राओं के विरोध के रूप में देखे जा रहे हे अब तो हालत यह हो गए हे कि विद्यार्थी हक ओर सुविधाओं के नाम पर भी सरकारी धनराशि का खुल कर बंदबाट हो रहा हे खरगोन। जिले के होस्टल्स पर आखिर कैसा ग्रहण लगा। चार दिन पहले मिटावल की छात्राएं डीएम से मिलने के लिए पैदल निकल गई थी, और अब केवल पांचवें दिन आभापुरी कन्या छात्रावास की कस्तूरबा कन्या छात्रावास की छात्राएं दौड़ लगाते हुए डीएम दफ्तर के लिए निकल पड़ी। क्या बेटियां इतनी समझदार हो गई है या फिर पूर्व अधीक्षक और बाहरी लोग बच्चों के नाजुक कंधों पर बंदूक रखकर फायर कर रहे हैं। कुछ भी हो आखिर बीईओ, बीआरसी, जनशिक्षक, जिला शिक्षा अधिकारी डीसीपी, जिला पंचायत सीईओ, जनपद पंचायत सीईओ जैसे अधिकारी क्या जिम्मेदारी निभा रहे हैं? खरगोन जिला मुख्यालय से करीब 70 किलोमीटर दूर झिरन्या विकासखंड की कस्तूरबा कन्या छात्रावास की मासूम बालिकाएं अपने हॉस्टल से दौड़ लगाते हुए खरगोन डीएम दफ्तर से मिलने के लिए सुबह-सुबह रवाना हो गई। नारे लगाते हुए बारिश के मौसम में कच्चे मार्ग से बगैर किसी सुरक्षा के सैकड़ो बच्चियों के इस तरह सड़क पर दौड़ते हुए खरगोन के लिए निकालना बेहद जोखिमभरा है। आखिर बच्चियों हॉस्टल में इतनी ट्रस्ट क्यों हो रही है, कि उन्हें अपने ही हॉस्टल अधीक्षक के खिलाफ इस तरह हॉस्टल छोड़कर रोड पर दौड़ लगाना पड़ रही है। आखिर इन बच्चियों को डीएम से ही क्यों मिलना है? क्या विकासखंड शिक्षा अधिकारी, जनपद पंचायत के सीईओ, बीआरसी, संकुल के जवाबदारी और जन शिक्षक उनकी बात नहीं सुन रहे हैं या फिर इन सब बातों के पीछे पूर्व हॉस्टल अधीक्षक बाहर बैठकर राजनीतिक खेल रहे हैं। मार्च 5 दिन में इस तरह दो हॉस्टल्स की एक विकासखंड की दो हॉस्टल्स के सैकड़ो छात्राओं का इस तरह हॉस्टल अधीक्षक के खिलाफ सड़क पर उतरना बहुत चिंताजनक है। हालांकि अब तो खरगोन में हॉस्टल अधीक्षक के खिलाफ सड़क पर उतरना आम बात हो गई है। चाहे कलेक्टर कर्मवीर शर्मा के समय की बात करें या फिर कलेक्टर भव्या मित्तल के दोनों के कार्यकाल में ही जिले भर के हॉस्टल्स और सुरक्षित हो गए हैं या कहें भगवान भरोसे हो गए हैं। यहां अंदर की राजनीति इतनी हावी हो गई है कि अब अधिकारियों से भी नहीं संभल रही जबकि अधिकारियों को इस बात की भनक है कि यह सब कौन और क्यों ...कर रहे हैं या फिर यह भी हो सकता है अधिकारियों के जिम्मेदार अधिकारियों के कई-कई महीने हॉस्टल्स में झांकने तक नहीं जाने के कारण हालात इतने बिगड़ रहे हैं

# कैबिनेट मंत्री सुश्री भूरिया ने किया बालक छात्रावास एवं सहकारिता भवन का फीता काट कर लोकार्पण

### सुश्री भूरिया एवं उपस्थित अतिथियों ने शासकीय पीएम श्री विद्यालय के छात्र- छात्राओं को की 130 साईकल वितरीत

रणजीत टाइम्स

पेटलावद।झकनावद विधानसभा की लोकप्रिय विधायिका एवं मध्य प्रदेश सरकार में महिला एवं बाल विकास विभाग कैबिनेट मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया द्वारा अपने विधानसभा क्षेत्र की जनता को कई बड़ी सौगाते दी है। उसी क्रम से 18 जुलाई को कैबिनेट मंत्री सुश्री भूरिया ने ग्राम पंचायत भेरूपाड़ा पंचायत भवन का भूमि पूजन किया। एवं इसके साथ ही छात्र छात्राओं को भेरूपाड़ा में साईकल वितरित की गई। जिसके बाद झकनावदा बहुउद्देशीय सहकारिता भवन का श्री भूरिया ने फीता काट कर लोकार्पण किया।इसके साथ ही सभी उपस्थित जनों को सुश्री भूरिया ने नए भवन की शुभकामनाएं भी दी। झकनावदा में पांच लाख से निर्माण होने वाले श्मशान घाट फेवर एवं चबूतरे का भूमि पूजन किया। बाद झकनावदा बालक छात्रावास का लोकार्पण किया। इस अवसर पर सभी जगह सुश्री भूरिया का फूल माला एवं पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया । इसके साथ ही सुश्री भूरिया ने ग्राम पंचायत धोलीखाली पंचायत भवन का भूमि पूजन, बेकल्दा बालक छात्रावास का लोकार्पण एवं इसके साथ ही कई स्थानों पर विकास कार्यों का भूमि पूजन व लोकार्पण किया। छात्रावास परिसर में छात्र छात्राओं ने बुआ जी तुम राज करो हम तुम्हारे साथ है का के जमकर लगाए नारे।

बच्चों को सरकार निःशुल्क शैक्षणिक सुविधाएं प्रदान करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही



कैबिनेट मंत्री सुश्री भूरिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि बच्चों आपको सरकार शिक्षा के क्षेत्र में भरपूर सुविधाएं प्रदान कर रही है। आप बस उसका लाभ ले ओर पूरी मेहनत और लगन से पढ़ाई करे। ओर उच्च स्थान प्राप्त कर अपने माता पिता ओर परिवार के साथ साथ गुरु का नाम भी रोशन करे।

### रुपए देकर भी नहीं मिल सकता है सर्व सुविधा युक्त छात्रावास

जिला अध्यक्ष भानु भूरिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि सरकार एवं कैबिनेट मंत्री सुश्री निर्मला जी भूरिया ने आपके लिए जो सर्वसुविधायुक्त छात्रावास की सौगात दी है। वह सुविधा रुपए देने के बाद कोई प्राइवेट छात्रावास भी आपको नहीं दे सकता है। आपके लिए आज जो 50 बेड का छात्रावास का लोकार्पण किया गया है। उसमें आप अच्छे से रहे पड़े और जब पढ लिखकर आप कुछ बन जाए तो आप अपने क्षेत्र की विधायिका लाडली दीदी भूरिया को जरूर याद करना।

### बालिका छात्रावास की रखी मांग

जनपद उपाध्यक्ष देवकुंवर पडियार ने सुश्री निर्मला भूरिया के समक्ष मंच से अपनी बात रखते हुए कहा कि आज जो 50 बिस्तर का छात्रों के लिए छात्रावास बन कर तैयार हो चुका ओर आज उसका लोकार्पण भी हो गया है। वो एक सराहनीय पहल है। लेकिन इस क्षेत्र में लाडली बेटियों के लिए भी एक छात्रावास होना अनिवार्य है। उसको जल्द स्वीकृत करना हेतु जनपद उपाध्यक्ष पडियार ने सुश्री भूरिया से मांग की।

### यह रहे मुख्य रूप से उपस्थित

इस अवसर पर मुख्य रूप से झकनावदा मंडल अध्यक्ष जितेंद्र राठौड़,अजजा मोर्चा जिला अध्यक्ष अजमेर सिंह भूरिया,जनपद अध्यक्ष रमेश सोलंकी,जनपद उपाध्यक्ष देवकुंवर पडियार, मंडल अध्यक्ष संजय कहार,मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण मालिवाड,पूर्व सांसद प्रतिनिधि राजेश कांसवा,वरिष्ठ भाजपा नेता हेमंत भट्ट,पारस जैन, भूपेंद्र सिंह सेमलिया,भाजपा नेता मांगीलाल पड़ियार,,ॐ प्रकाश राठौर सेमरोड, श्रेणिक कोठारी,सरपंच वरदीचंद वसुनिया,सचिव विनोद देवदा, सहायक सचिव रतन सिंगार, सीईओ गौरव जैन, बीईओ देवेंद्र ओझा,बीआरसी रेखा गिरी, सीबीएमओ पेटलावद एम.एल.चौपड़ा, सीएम राइज स्कूल पेटलावद के पूरालाल चौहान,सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेता कार्यकर्ता क्षेत्रीय जनपद सदस्य,सरपंच, सचिव एवं प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारी,एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

## नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत जागरूकता फैलाने के लिए चित्रकला प्रतियोगिता

रणजीत टाइम्स



उज्जैन । उज्जैन थाना देवास गेट क्षेत्र के अंतर्गत शासकीय माध्यमिक विद्यालय हीरा मिल की चाल में बच्चों बच्चों के बीच नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत जागरूकता फैलाने के लिए चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया इसमें विशेष बात यह रही कि पुलिस स्टाफ द्वारा भी चित्रकला बच्चों के बीच बैठकर की गई जिसमें चित्रकला का विषय नशे के दुष्परिणामों को लेकर तथा नशे से दूरी है जरूरी विषय पर चित्र बनाए गए, थाना प्रभारी अनीला पाराशर जानकारी दी।

## नेत्रम संस्था के प्रयासों से दो नेत्रदान, चार दृष्टिहीनों के जीवन में आयी उजियारा

रणजीत टाइम्स

रतलाम। शहर की सामाजिक संस्था नेत्रम के प्रेरणादायक प्रयासों से रतलाम के दो परिवारों ने अपने दिवंगत स्वजनों के नेत्रदान का पुनीत कार्य करते हुए समाज के सामने एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। इस पुनीत कार्य से चार दृष्टिहीन व्यक्तियों को देखने की नई आशा मिली है।

पहला नेत्रदान- कस्तुरबा नगर निवासी संतोष गुगलिया "प्रेम" के दुःखद निधन के पश्चात, उनके परिवार ने सेवा को सर्वोपरि मानते हुए उनका नेत्रदान करने का निर्णय लिया। समाजसेवियों विकास गुगलिया, बृजेश पितलिया, विपुल पितलिया एवं संजय संघवी के मार्गदर्शन और प्रेरणा से दिवंगत के पुत्र सुमित पितलिया एवं परिजनों ने इस महान कार्य की सहमति दी।

दूसरा नेत्रदान- दीनदयाल नगर निवासी ठाकुर लालसिंह सांखला के निधन के बाद, सामाजिक कार्यकर्ता सुनील मालपानी एवं शीतल भंसाली ने उनके पुत्र कुँवर अजीतसिंह सांखला, कुँवर यशपालसिंह सांखला व अन्य परिजनों को नेत्रदान हेतु प्रेरित किया, जिसे परिजनों ने सहर्ष स्वीकार किया।

नेत्र संग्रहण की प्रक्रिया- नेत्रम संस्था के हेमंत मूणत ने बताया कि दोनों परिवारों की सहमति मिलते ही रतलाम मेडिकल कॉलेज की डीन डॉ. अनीता मुथा को सूचना दी गई। उनके निर्देशन में नेत्र विभागाध्यक्ष डॉ. रिशेन्द्र सिसोदिया के नेतृत्व में नर्सिंग ऑफिसर विनोद कुशवाह एवं भावना खन्ना,द्वारा जीवन देवड़ा के सहयोग से नेत्र संग्रहण की प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न की गई।

भ्रांतियाँ टूटी, संकल्प बने- नेत्रदान की प्रक्रिया के दौरान दोनों परिवारों के सदस्य, रिश्तेदार, मित्र एवं शुभचिंतक उपस्थित रहे। उन्होंने नेत्रदान की प्रक्रिया को प्रत्यक्ष रूप से देखा, अपनी पूर्व धारणाओं को दूर किया और भविष्य में नेत्रदान करने का संकल्प दोहराया।

सम्मान एवं प्रशंसा- नेत्रम संस्था द्वारा दोनों दिवंगत आत्माओं के परिजनों को





प्रशस्ति पत्र भेंट कर उनकी उदारता और समाज सेवा की भावना का सम्मान किया गया। इस अवसर पर संस्था के यशवंत पावेचा, हेमंत मूणत, नवनीत मेहता, ओमप्रकाश अग्रवाल, मीनू माथुर, शलभ अग्रवाल, शीतल भंसाली, गिरधारीलाल वर्धानी, प्रशान्त व्यास, शेखर कासवां, वत्सल पितलिया, वैभव पटवा, और मनीष जैन सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र,खेतिया पर नेत्र परीक्षण शिविर,14 मरीज ऑपरेशन हेतु रवाना

रणजीत टाइम्स



खेतिया । सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, खेतिया में नेत्र परीक्षण एवं परामर्श शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीण एवं दूर-दराज़ के क्षेत्रों में नेत्र रोगों की पहचान कर समय पर उपचार सुनिश्चित करना था। इस कार्यक्रम में सीबीएमओ डॉ. राजेश ढोले सर के निर्देशन नेत्र चिकित्सा सहायक राम कुशवाहा व अरविंदो इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर इंदौर की टीम द्वारा किया गया जिसमे समस्त मेडिकल ऑफिसर्स एवं चिकित्सा स्टाफ ने सक्रिय भागीदारी निभाई, जिससे शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हो सका।

शिविर कुल 45 मरीजों की नेत्र संबंधी जाँच की गई।इन में से 18 मरीजों में मोतियाबिंद की पुष्टि की गई।जिसमें से 14 चिन्हित मरीजों को आवश्यक दिशा-निर्देशों के साथ उपचार हेतु बस सुविधा द्वारा अरविंदो इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर इंदौर इंदौर रैफर किया गया, जहाँ उनका निशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा इस शिविर के माध्यम से जनमानस में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने एवं प्राथमिक स्तर पर नेत्र रोगों की पहचान कर उचित उपचार सुनिश्चित करने की दिशा में एक सराहनीय कदम उठाया गया।

## नगर खेतिया के संतोषी माता मंदिर पर हुआ भंडारे का आयोजन

रणजीत टाइम्स



खेतिया । प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी पोस्ट ऑफिस गली स्थित संतोषी माता मंदिर पर प्रसादी का आयोजन किया गया जिसमें सर्वप्रथम प. जितेन्द्र जोशी ने माता जी की पूजा अर्चना कर प्रसादी का भोग लगाया गया व कन्या पूजन किया गई और सबसे पहले कन्या भोज कराया गया। इसके बाद भक्तो को भोजन प्रसादी दी गयी। जिसमें मसाले भात मट की सब्जी, मीठी बाट, वितरण किया गया। इस धार्मिक आयोजन में वार्ड सहित आसपास के भक्तों ने प्रसादी ग्रहण की इस भंडारे के आयोजन में वार्ड वासियों का सराहनीय योगदान रहा।।

## बच्चों को समय-समय पर प्रतिभा प्रदर्शित करने मंच प्रदान किया जाना चाहिए : मंत्री सुश्री भूरिया

रणजीत टाइम्स

झाबुआ । कैबिनेट मंत्री महिला एवं बाल विकास विभाग सुश्री निर्मला भूरिया की उपस्थिति में भोपाल स्थित जवाहर बाल भवन में "मुख्यमंत्री बाल खेल एवं सांस्कृतिक महोत्सव 2025" का समापन समारोह आयोजित हुआ। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि "बच्चों को समय-समय पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मंच मिलना चाहिए। यह मंच केवल प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि उनके आत्मविश्वास, रचनात्मकता और नेतृत्व क्षमता को विकसित करने का अवसर है।"

कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री सुश्री भूरिया ने प्रतिभागी बच्चों के आत्मविश्वास और उत्साह की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक सराहनीय पहल है। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के इस अभिनव प्रयास की भी सराहना की और बच्चों को सीखने, आनंद लेने और एक-दूसरे से प्रेरणा लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

उल्लेखनीय है कि महोत्सव के तहत 20 जून से 17 जुलाई 2025 तक प्रदेशभर में संचालित बालगृहों में खेल और सांस्कृतिक प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई। जिले और संभाग स्तर पर संपन्न इन प्रतियोगिताओं में 6 से 18 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों ने भाग लिया। कुल मिलाकर 40 विधाओं में



286 प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। भोपाल और नर्मदापुरम संभाग के 8 बालगृहों से आए बच्चों के बीच विविध आयु वर्गों में खेल जैसे लॉन्ग जंप, 100 मीटर दौड़, शतरंज, खो-खो, कबड्डी, केरम और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन किया गया। संभाग स्तरीय विजेताओं को राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए चयनित किया गया है। समारोह में कैबिनेट मंत्री सुश्री भूरिया ने विभिन्न स्पर्धाओं के विजयी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार प्रदान किए। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग की उप सचिव श्रीमती माधवी नागेंद्र सहित विभागीय अधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में बच्चे उपस्थित रहे।

# पुलिस ने जवाहर मार्ग मोबाइल दुकान में हुई चोरी की घटना में किये 09 और मोबाइल जप्त



## पुलिस ने 01 आरोपी को किया था गिरफ्तार अब तक पुलिस ने प्रकरण में नये विवो कम्पनी के 71 मोबाईल कर चुकी है जप्त

रणजीत टाइम्स

खरगोन। वरिष्ठ अधिकारियो से प्राप्त निर्देशों के परिपालन में पुलिस अधीक्षक खरगोन धर्मराज मीना के निर्देशन व अति. पुलिस अधीक्षक खरगोन श्रीमति शकुन्तला रुहल के मार्गदर्शन मे जिला खरगोन के समस्त अनुविभागीय अधिकारी पुलिस व थाना प्रभारियों को प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था। इसी तारतम्य मे थाना कोतवाली खरगोन मे पुलिस टीम ने जवाहर मार्ग स्थित मोबाइल दुकान में चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार पुलिस रिमांड पर उससे 09 और मोबाइल फ़ोन जप्त करने सफलता हासिल की है।

घटना का संक्षिप्त विवरण 13 जुलाई 025 को फरियादी आयुष निवासी जवहर नगर खरगोन ने 10,11/07/2025 की दरम्यानी रात्री में कोई अज्ञात बदमाश शटर व दरवाजे का ताला तोडकर अंदर प्रवेश कर अलमारीयो में रखे विवो कम्पनी के मोबाईल एवं रिपेयर के मोबाईल व पेन ड्राईव ऐसरीज चार्जर के चुराकर ले जाने की सुचना दी थी जिसपर थाना कोतवाली खरगोन पर अपराध क्रमांक -303/2025 धारा – 331(4),305(ए) का अज्ञात आरोपी के विरुद्ध कायम कर विवेचना में लिया गया था। 17 जुलाई को खरगोन पुलिस ने उक्त घटना का खुलासा करते हुए आरोपी उमेश उर्फ फटफटी पिता आत्माराम यादव उम्र 25 साल निवासी ग्राम सेल्दा थाना भीकनगाँव के कब्जे से 62 मोबाइल फोन किमती लगभग 14,36,422/- रुपये के जप्त किये गये थे व आरोपी को माननीय न्यायालय पेश कर पुलिस रिमांड प्राप्त किया गया था।

पुलिस रिमांड पर सघन पूछताछ के दौरान आरोपी के द्वारा शेष 09 मोबाइल फोन की कीमत लगभग 2,22,491/- रूपये को भी आरोपी की निशानदेही पर जप्त किया गया है।

पुलिस टीम उक्त की गई कार्यवाही मे एसडीओपी खरगोन रोहित लखारे व थाना प्रभारी खरगोन बीएल मंडलोई के नेतृत्व में उनि. राजेन्द्र सिरसाठ, करनराजसिह जौधा, दिवानसिह नरगाँवे, रामजीलाल डुडवे, सउनि.दीपक भालसे, प्रआर. श्याम पंवार,संतोष शुक्ला, आरक्षक,राजेश पटेल, आले अली, प्रधान आरक्षक कोतवाल डाबर, आरक्षक मोहन वास्कले, आरक्षक नवीन का विशेष योगदान रहा।

# स्वरोजगार योजना को पंख देने वाला संस्थान मरम्मत का मोहताज

रणजीत टाइम्स

भगवानपुरा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई स्वरोजगार योजना ग्रामीण एवं आदिवासी अंचलों में तब तक पूरी तरह सफल नहीं हो सकती जब तक स्वरोजगार प्रशिक्षण के लिए बनाए गए संस्थान खुद बदहाल हालत में न फंसे हों। भगवानपुरा मुख्यालय पर हाट बाजार के पास 6 करोड़ की लागत से बना शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) इसका एक जीवंत उदाहरण है, जहां दो वर्षों से भवन की मरम्मत तक नहीं हो सकी। 2526 वर्ग मीटर में फैले इस दो मंजिला संस्थान में 156 सीटों की क्षमता है, लेकिन भवन की हालत इतनी जर्जर है कि छतें टपक रही हैं, खिड़कियां टूटी पड़ी हैं और दिवालें उखड़ रही हैं। शासन के अनुसार यह भवन भूकंप रोधी, वाटरप्रूफ और वातानुकूलित बनाया गया था, लेकिन हकीकत इससे बिल्कुल उलट है। 2018 में बने इस भवन की गारंटी भी अब समाप्त हो चुकी है, और निर्माण एजेंसी ने हाथ खड़े कर दिए हैं। भवन से सड़क मार्ग तक जाने का 100 मीटर रास्ता भी खराब है बारिश के दिनों में कीचड़ हो जाने से विद्यार्थियों को मुश्किलों का सामना करना पड़ता है संस्थान के प्राचार्य प्रहलाद सोलंकी दो सालों से लगातार सड़क, व भवन मरम्मत की मांग को लेकर प्रस्ताव भेज रहे हैं, लेकिन कार्रवाई ठंडे बस्ते में है। इससे स्पष्ट है कि जब तक आधारभूत ढांचे में सुधार नहीं होगा, स्वरोजगार योजनाओं का सपना अधूरा ही रहेगा।

स्वरोजगार की दिशा में मजबूत कदम-लेकिन अधूरी सुविधाएं

यह संस्थान प्रधानमंत्री की स्वरोजगार योजना के तहत युवाओं को प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का केंद्र है। फिलहाल 156 सीटों में से 118 सीटें भर चुकी हैं और 28 स्थान रिक्त हैं। यहां छह व्यावसायिक ट्रेड



संचालित हो रहे हैं इलेक्ट्रिकल, कंप्यूटर, सिलाई, डीजल मैकेनिक, वेल्डिंग, रेफ्रिजरेटर व एसी टेक्नीशियन, इनमें दसवीं उत्तीर्ण और सिलाई व वेल्डिंग के लिए आठवीं उत्तीर्ण युवा प्रवेश ले सकते हैं। खास बात यह है कि 35% सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित हैं, जिससे महिलाओं को भी स्वरोजगार में बढ़ावा मिल रहा है।

बुनियादी सुविधाओं की कमी स्वरोजगार की राह में रोड़ा

संस्थान प्रबंधन ने 60 सीटर हॉस्टल की मांग शासन से की है, ताकि दूर-दराज से आने वाले छात्र-छात्राओं को आवास की समस्या से मुक्ति मिल सके। सीमा सोलंकी, गायत्री डाबर, स्वाति रावत, उषा डाबर और रिंकू जादव जैसी छात्राएं रोजाना 30-40 किमी दूर से आ रही हैं और किराये के मकान में रहने को मजबूर हैं। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की ये बेटियां स्वरोजगार के लिए प्रयासरत हैं, लेकिन शासन की उदासीनता उन्हें पीछे खींच रही है।

मरम्मत और सुरक्षा बनी चिंता का विषय

संस्थान प्रबंधक प्रहलाद चौहान के अनुसार बरसात के समय वर्कशॉप, कंप्यूटर कक्ष, सिलाई केंद्र और इलेक्ट्रिशियन कक्ष में पानी टपकता है। टूटी खिड़कियों से महंगे औजार चोरी होने का खतरा हमेशा बना रहता है। उन्होंने बताया कि 58 लाख रुपए की स्पेशल मेंटिनेंस और 20 लाख रुपए की सीसी रोड के लिए कौशल विभाग, जबलपुर को प्रस्ताव भेजा गया है, लेकिन अब तक मंजूरी नहीं मिली है।

विभाग का पक्ष

पवन डावर, एसडीओ, पीआईयू (पीडब्ल्यूडी), खरगोन ने बताया – "शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, भगवानपुरा द्वारा स्पेशल मेंटेनेंस व संस्थान से मुख्य मार्ग तक सीसी रोड के लिए मांग की गई थी। हमने 58 लाख मरम्मत और 20 लाख सीसी रोड का डीजी बनाकर प्रस्ताव कौशल विभाग, जबलपुर को भेज दिया है। अब मंजूरी मिलना बाकी है।"

निष्कर्ष- समाजसेवी सुनील जादव ने सांसद गजेंद्र पटेल से गुहार लगाई है कि अगर सरकार सच में स्वरोजगार को गांव-गांव तक पहुंचाने की इच्छुक है, तो भगवानपुरा जैसे आदिवासी अंचल के प्रशिक्षण संस्थानों को सुनियोजित सुविधाएं, समय पर मरम्मत और छात्रावास जैसी मूलभूत सुविधाएं देना आवश्यक है। वरना लाखों की योजनाएं और करोड़ों की इमारतें सिर्फ कागजों पर विकास बनकर रह जाएंगी।

# धारा 163 के तहत जिले में ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के प्रतिबंधित

रणजीत टाइम्स

शाजापुर। दण्डाधिकारी सुश्री ऋजु बाफना द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के अंतर्गत जन सामान्य के कल्याण एवं लोक शांति को कायम रखने के लिए शाजापुर जिले के अंतर्गत आने वाली सम्पूर्ण राजस्व सीमा क्षेत्र में मौजूदा हालातों के मद्देनजर म०प्र० कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 के निर्देशों के अनुरूप ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के प्रतिबंधित किया है। जारी आदेश अनुसार कोई भी व्यक्ति या समूह किसी भी आयोजन, जुलूस, रैली में ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग बिना सक्षम अधिकारी की बिना अनुमति के नहीं करेगा।

जिले में जुलूस, जलसो, रैली, समारोह आदि अन्य कार्यकमों में बिना अनुमति लाउडस्पीकर/डी.जे. तेज आवाज में बजाकर शोर शराबा किया जाता है, जिससे निर्धारित मानकों से अधिक ध्वनि उत्पन्न होने से आम जन के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पडने से आम जन को अकारण मानसिक व अन्य तकलीफों का सामना करना पडता है। इस सबंध में समय-समय पर माननीय उच्चतम न्यायालय एवं उच्च न्यायालय द्वारा निर्देश भी दिये गये है तथा समाचार पत्रों एवं अन्य माध्यमों से भी यह तथ्य ध्यान में लाये जाते रहे है। मौजूदा हालातों के मद्देनजर म०प्र० कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 के निर्देशों के अनुरूप ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के प्रतिबंधित किया गया है। यह आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 (2) के अन्तर्गत एक पक्षीय रूप से पारित किया जाता है। यदि कोई व्यक्ति इस आदेश का उल्लंघन करेगा तो वह भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के अन्तर्गत अभियोजन के लिये उत्तरदायी होगा। यह आदेश 17 जुलाई 2025 से आगामी आदेश तक प्रभावशील रहेगा।

# 18 जुलाई श्रीमती चीना शुक्ला ने फोर्टोफिनो के मेगा ज्वेलरी फेस्टिवल का होटल मैरियट, इंदौर में शुभारंभ किया

**रणजीत टाइम्स**

इंदौर। देश के अग्रणी डायमंड ज्वेलरी ब्रांड फोर्टोफिनो द्वारा इंदौर में बहुप्रतीक्षित इंदौर ज्वेलरी फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है, जो 17 जुलाई से 20 जुलाई 2025 तक होटल मैरियट, इंदौर में आयोजित होगा। इस भव्य आयोजन का उद्घाटन 17 जुलाई को किया जाएगा, जो चार दिवसीय शिल्प, स्टाइल और भव्यता का उत्सव होगा। फोर्टोफिनो अपनी IGI प्रमाणित नैचुरल डायमंड ज्वेलरी की उत्कृष्ट रेंज के लिए प्रसिद्ध है, जो पारंपरिक डिज़ाइन और आधुनिक स्टाइल का बेहतरीन मेल प्रस्तुत करती है। इस विशेष संस्करण में पहले से कहीं अधिक विस्तृत कलेक्शन प्रदर्शित की जाएगी, जिसमें गोल्ड, पोल्की, सॉलिटेयर्स, डिज़ाइनर ब्राइडल सेट्स और एवरीडे वेयर के परिष्कृत विकल्प शामिल होंगे।






इस फेस्टिवल में सिल्वरलाइन्स की ज्वेलरी भी प्रदर्शित की जाएगी, जो 1999 से जम्मू का सबसे प्रतिष्ठित ब्रांड रहा है और अपने शुद्धतम सोने, प्रीमियम डायमंड डिज़ाइनों और उत्कृष्ट कारीगरी के लिए जाना जाता है। सेम्पारिया एक ऐसा ब्रांड है जो डायमंड ज्वेलरी को सभी के लिए सुलभ बनाने के उद्देश्य से स्थापित हुआ। सिर्फ 35000 से शुरू होने वाली हल्की, नैचुरल डायमंड ज्वेलरी को पारंपरिक तकनीकों और आधुनिक तकनीक के मेल से अत्यंत बारीकी और प्रेमपूर्वक तैयार किया गया है। इसकी ज्वेलरी में दृढ़ता, आराम और एलीगेंस का खूबसूरत संतुलन देखने को मिलता है। इस फेस्टिवल में एक ही छत के नीचे सिल्वरलाइन्स, सेम्पारिया और डी बियर्स फॉरएवरमार्क जैसे प्रतिष्ठित ब्रांड्स की शानदार कलेक्शन देखने और अनुभव करने का अवसर मिलेगा। यह आयोजन एक पारंपरिक प्रदर्शनी से बढ़कर एक पूर्णतया इमर्सिव अनुभव के रूप में तैयार किया गया है। आगंतुकों को विशेष रूप से डिज़ाइन किए गए स्टाइलिंग ज़ोन्स में ज्वेलरी पहनकर देखने का मौका मिलेगा,



जहाँ फोर्टोफिनो के विशेषज्ञों द्वारा उन्हें मार्गदर्शन भी प्रदान किया जाएगा।

फेस्टिवल के दौरान ग्राहक डायमंड ज्वेलरी पर 21 प्रतिशत एश्योर्ड एप्रिसिएशन का लाभ उठा सकते हैं, यानी खरीदी गई डायमंड ज्वेलरी की वैल्यू में 21 प्रतिशत की सुनिश्चित बढ़त दी जाएगी। इसके अलावा, आयोजन में गारंटीड बायबैक विकल्प, कुछ एक्सक्लूसिव लिमिटेड-एडिशन डिज़ाइन्स और एक लाख रुपये तक के लकी ड्रा जैसी आकर्षक पेशकशें भी होंगी। फोर्टोफिनो के डायरेक्टर कुणाल टल्ला ने कहा कि इंदौर को सिर्फ एक ज्वेलरी प्रदर्शनी नहीं, बल्कि एक अनुभव की ज़रूरत है। हम यहां अपनी सबसे विविध कलेक्शन, आकर्षक ऑफर्स और ज्वेलरी से जुड़ने का एक और भी व्यक्तिगत तरीका लेकर आ रहे हैं। फोर्टोफिनो इंदौर ज्वेलरी फेस्टिवल शहर के लक्ज़री शॉपर्स, होने वाली दुल्हनों और कलेक्टर्स के लिए एक यादगार आयोजन बनने जा रहा है। यह फेस्टिवल हर दिन सुबह 11 बजे से रात 9 बजे तक, होटल मैरियट, इंदौर में आम जनता के लिए खुला रहेगा।

दैनिक रणजीत टाइम्स
जिला एवं तहसील स्तर पर
एजेंसी देना है
अपना बायोडाटा सम्पूर्ण विवरण के साथ हमें प्रेषित करें।
सम्पर्क करें
8224951278 :: 9827068888

जन्मदिन की
अग्रिम शुभ सूचना
"रंजीत टाइम्स" में अब आप अपने या
अपने प्रियजनों का जन्मदिन एक दिन पहले ही निशुल्क
प्रकाशित करवा सकते हैं!
बस हमें भेजिए: 1 जन्मदिन मनाने वाले की फोटो
2 उसका पूरा नाम- 3 बधाई देने वाले का नाम जन्मदिन के एक दिन पहले ही विज्ञापन भेज दें, ताकि समय रहते प्रकाशित किया जा सके।
भेजने का नंबर (Aditya): 8224951278
रंजीत टाइम्स में आपका विज्ञापन पूरी तरह मुफ्त प्रकाशित किया जाएगा!
अपने जज़बातों को शब्द दें – सिर्फ रंजीत टाइम्स के साथ।
टीम रंजीत टाइम्स- "आपका अपना अख़बार, आपकी आवाज़"
रणजीत टाइम्स